प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.11.2025/प्रादेशिक समाचार/

11:00बजे

## चिटटा वाकाथॉन

प्रदेश सरकार ने राज्य में चिट्टे के खिलाफ एक जागरूकता अभियान शुरू किया है जो आगामी तीन माह तक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के रिज मैदान से चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ प्रदेश सरकार की सख्त कार्रवाई पहले से जारी है और चिट्टा फैलाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान तभी सफल होगा जब हम सब मिलकर अपना सक्रिय सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से हिमाचल की नई पीढ़ी को सुरक्षित, स्वस्थ और नशा मुक्त रखने में कामयाबी मिलेगी।

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों से चिट्टा के विरूद्ध जागरूकता अभियान में शामिल होकर नशामुक्त हिमाचल के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।

## जनजातीय गौरव दिवस

देशभर में आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने जनजातीय इतिहास को जीवित रखने के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। इस उपलक्ष्य पर विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रह। इधर हिमाचल प्रदेश में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर सभी ज़िलों में आज भव्य सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150वीं जयंती पर नमन किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि विदेशी हुकूमत के अन्याय के खिलाफ भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। पूल/डैस्क

**पीएम केयर्स**

केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत है। इसी तरह प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना कोविड–19 महामारी के दौरान अपने माता–पिता खो चुके बच्चों के लिए मददगार बनी है। ऊना जिला के चार अनाथ बच्चों को योजना के तहत 20 हजार रूपए प्रति वर्ष दिए जा रहे हैं।

**आईआईटीएफ**

44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया है। इस वर्ष मेले का विषय एक भारत–श्रेष्ठ भारत है। वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मेले के उदघाटन समारोह में कहा कि आईआईटीएफ भारत के विकास, नवाचार और एक विकसित व आत्मनिर्भर भविष्य की राष्ट्र की आकांक्षा को दर्शाता है।

इस आयोजन में 12 देशों के अलावा लगभग 30 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश और 60 से अधिक मंत्रालय भाग ले रहे हैं। व्यापार मेले में हिमाचल पैविलियन भी स्थापित किया गया है। पैविलियन में हिमाचली हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद, जड़ी बूटियां, फल व विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के 16 स्टॉल स्थापित किए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद कई स्थानों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है जिससे सुबह–शाम ठंड बढ़ गई है। बीते 24 घण्टों के दौरान प्रदेश के 25 से अधिक स्थानों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। लाहौल स्पिति के ताबो में सबसे कम तापमान माइनस 5 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

......................